# अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई)- चेन्नई शहर में लीज किराए पर सुसज्जित 3/4 बीएचके आवासीय फ्लैट

राष्ट्रीय आवास बैंक (एनएचबी), भारत सरकार के तहत एक सांविधिक निकाय है। यह भारत में आवास के लिए शीर्ष वित्तीय संस्थान है, जिसे 1988 में संसद के एक अधिनियम के तहत स्थापित किया गया था। राष्ट्रीय आवास बैंक आवास वित्त संस्थाओं को बढ़ावा देने और उन्हें वित्तीय व अन्य सहायता प्रदान करने के लिए एक प्रमुख एजेंसी के रूप में कार्य करता है। राष्ट्रीय आवास बैंक मुख्य रूप से ये काम करता है – आवास वित्त कंपनियों का पर्यवेक्षण, पुनर्वित्त, संवर्धन और विकास और अनुसंधान।

राष्ट्रीय आवास बैंक चेन्नई में बैंक के आगंतुक अधिकारियों के लिए एक अतिथि गृह स्थापित करना चाहता है। इस संबंध में, राष्ट्रीय आवास बैंक लीज के किराए पर 3/4 बीएचके सुसज्जित फ्लैट किराए पर लेने के लिए रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित कर रहा है। नीचे विस्तृत विनिर्देश और शर्तें दी गई हैं:

## 1. स्थान

- अतिथि गृह, शांत और सुरक्षित पड़ोस में स्थित होना चाहिए।
- प्रस्तावित संपत्ति को अधिमानतः अन्ना सलाई, चेन्नई के 10 किमी के दायरे में स्थित होना चाहिए, अर्थात, राष्ट्रीय आवास बैंक के चेन्नई क्षेत्रीय कार्यालय (जो पहली मंज़िल, सोनी सेंटर बिल्डिंग, साउथ इंडिया को-ऑपरेटिव बिल्डिंग (एसआईसीओपी), 38, अन्ना सलाई, चेन्नई - 600002 में स्थित है) के 10 किमी के दायरे में होनी चाहिए।
- संपत्ति से सार्वजनिक परिवहन और अस्पतालों, बाजारों और रेस्तरां जैसी आवश्यक सुविधाओं तक सुविधाजनक पहुंच होनी चाहिए।

## 2. संपत्ति विशिष्टताएँ

- मेहमानों के ठहरने के लिए घर में कम से कम 3/4 शयनकक्ष और 3/4 स्नानघर होने चाहिए।
- वांछनीय: सभी शयनकक्षों में गद्दों के साथ डबल बेड और अलमारी, सोफा, डाइनिंग टेबल, फ्रिज और रसोई के उपकरणों सहित आधुनिक सुविधाओं के साथ पूरी तरह से सुसज्जित।
- कम से कम 2 कारों के लिए पर्याप्त पार्किंग की जगह उपलब्ध होनी चाहिए।

## 3. लीज की शर्तें

- लीज की अवधि कम से कम तीन साल होनी चाहिए, और इसमें नवीनीकरण की संभावना हो।
- लीज समझौते के पंजीकरण से संबंधित शुल्क, जिसमें स्टाम्प शुल्क, पंजीकरण शुल्क और अन्य वैधानिक शुल्क शामिल हैं, उन्हें पट्टेदार (Lessor) और पट्टा-धारक (Lessee) द्वारा बराबर-बराबर (50:50) वहन किया जाएगा।

**4. अतिरिक्त सुविधाएँ**

- हाई-स्पीड इंटरनेट कनेक्टिविटी आवश्यक है।
- परिसर में पर्याप्त वातानुकूलन सुविधाएँ होनी चाहिए।
- उद्यान/खुला/बाहरी स्थान वांछनीय होगा।

**5. कानूनी और वित्तीय आवश्यकताएँ**

- संपत्ति का मालिकाना हक साफ़ और विपणन -योग्य होना चाहिए और इसके लिए सभी ज़रूरी कानूनी दस्तावेज़ होने चाहिए।
- संपत्ति किसी भी कानूनी विवाद, भार या मुकदमेबाजी से मुक्त होनी चाहिए।

**6. रूचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) प्रस्तुत करना**

- इच्छुक पक्षों से अनुरोध है कि वे **अनुलग्नक-क** और **अनुलग्नक-ख** के अनुसार संपत्ति का विवरण प्रस्तुत करें।
- ईओआई को सीलबंद लिफाफों में निम्नानुसार प्रस्तुत किया जाना चाहिए:

  1. **अनुलग्नक- क (संपत्ति विवरण)** के साथ विधिवत भरा और हस्ताक्षरित ईओआई।

  2. **केवल अनुलग्नक-ख** (वाणिज्यिक प्रस्ताव), विधिवत भरा और हस्ताक्षरित, एक अलग सीलबंद लिफाफे में प्रस्तुत किया जाएगा।

  3. उपरोक्त दोनों लिफाफे एक बाहरी सीलबंद लिफाफे में रखे जाएंगे, जिस पर लिखा होगा: **"रूचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) - चेन्नई में लीज पर सुसज्जित 3/4 बीएचके आवासीय फ्लैट "**
- पूर्ण रूचि की अभिव्यक्ति 01 अक्टूबर 2026 तक पहुँच जाना चाहिए:

  प्रति,
  **महाप्रबंधक**
  **सामान्य प्रशासन विभाग**
  राष्ट्रीय आवास बैंक
  5वीं मंज़िल, कोर 5A, इंडिया हैबिटेट सेंटर
  लोधी रोड, नई दिल्ली - 110003

**अनुलग्नक क**

**संपत्ति विवरण**

1. संपत्ति के मालिक का नाम:: ………………………………………………….
2. संपत्ति का पता:……………………………………………………..........
3. कालीन क्षेत्र वर्ग फीट में:…………………………………………………………………
4. तल संख्या और लिफ्ट सुविधा की उपलब्धता:…………………………………………
5. सुसज्जित/असज्जित (विवरण के साथ):…………………………..........
6. पार्किंग उपलब्ध है या नहीं:…………………………………………

भवदीय,

(हस्ताक्षर)

नाम ………………

स्थान: ………………

दिनांक: ……………….

## वाणिज्यिक प्रस्ताव (अलग सीलबंद लिफाफे में जमा किया जाना है)

1. अपेक्षित किराया * (मासिक):…………………………………………………………………………

2. रखरखाव शुल्क * (मासिक):……………………………………………………………………

3. सुरक्षा जमा (यदि कोई हो):………………………………………………………………………..

4. कोई अन्य शुल्क (यदि लागू हो, तो कृपया निर्दिष्ट करें):…………………………………………………

** उद्धृत सभी आंकड़े करों को छोड़कर होंगे।*

भवदीय,

(हस्ताक्षर)

नाम ………………

स्थान: ………………

दिनांक: ……………….